संक्षिप्त

रन फॉर विकसित राजस्थान में दौड़े युवा

डीग भरतपुर (निस)। राज्य सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार की सुबह डीग शहर के लिए एक नई ऊर्जा और संकल्प लेकर आई। श्विकसित भारतश् की तर्ज पर श्विकसित राजस्थानश् के सपने को साकार करने और आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित श्रन फॉर विकसित राजस्थान 2025श् का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक दौड़ को गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने भी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता जब एक साथ, एक दिशा में दौड़ते हैं, तो विकास की रफ्तार दोगुनी हो जाती है। जिला कलेक्टर ने युवाओं को नियमित व्यायाम और नशामुक्त जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। दौड़ के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी आमजन के साथ कदम से कदम मिलाते नजर आए, जो श्सुशासनश् और श्जन-जुड़ावश् का एक बेहतरीन उदाहरण बना। जब यह रैली डीग के संकरे और मुख्य बाजारों से गुजरी, तो एक अद्भुत दृश्य उपस्थित हो गया। इस भव्य आयोजन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजकुमार कस्वां, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मनोज खुराना, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी इशू नारंग, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और सैकड़ों की संख्या में युवा शक्ति मौजूद रही।

अलवर रोड की दुर्दशा

बहरोड़/ नीमराना। 21 दिसंबर 2025भारतीय जनता पार्टी के बहरोड़ विधायक डॉ जसवंत यादव को आखिर नगर परिषद क्षेत्र बहरोड़ के अलवर रोड की दुर्गम स्थिति पर तरस आ ही गया। गौरतलब है कि बहरोड़ विधायक डॉ जसवंत यादव क्षेत्र के निर्धारित कार्यक्रमों में एक कार्यक्रम से दूसरे कार्यक्रम में जाते समय बहरोड़ के अलवर रोड से गुजरते वक्त बीच सड़क भरे दुर्गंध युक्त गंदे नाले के पानी से टूटी सड़क को देखकर रुके तथा मौके पर ही जिम्मेदार अधिकारी से मामले में आमने-सामने बातचीत की। वहीं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विधायक के समय पूछे जाने पर एक-दो दिन में कहते कल 11 बजे तक का नाम लेकर टरका दिया गया। वहीं उक्त मामले में पहले भी भारतीय जनता पार्टी के जुझारू प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव द्वारा सांसद भूपेंद्र यादव आदि को पत्र लिखकर भी मामले से अवगत कराया जा चुका है।

बैठक दिव्यागों पर चर्चा

कोटपूतली । राजमार्ग स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में रविवार को बाबूलाल खर्रा की अध्यक्षता में दिव्यांग शक्ति संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करते हुये दिव्यांग साथी समाज में आगे कैसे बढ़ें एवं आत्मनिर्भर कैसे बने पर चर्चा की।

वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर विकास व स्वस्थ्य जीवन का संदेश दिया

टोंक। वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को जिला स्तर पर रन फॉर विकसित राजस्थान 2025 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ विकसित राजस्थान के संकल्प से जोडना रहा।

दौड का शुभारंभ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, एडीएम रामरतन सौकरियां, सीइओ परशुराम धानका, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, पूर्व नगर परिषद सभापति लक्ष्मी जैन, प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा, वेणी प्रसाद जैन इत्यादि ने हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रन फोर विकसित राजस्थान के माध्यम से युवाओं में स्वस्थ्य जीवन के लिए दौड़ के महत्व का संदेश दिया गया है, इस प्रकार के आयोजन युवाओं को फिटनेस और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं, उन्होंने सभी प्रतिभागियों से नियमित व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस दौड़ में जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी, स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा के छात्र-छात्राओं के साथ एनसीसी ध्एनएसएस, स्काउट एवं गाइड, नगर परिषद, पुलिस विभाग, आरएसी, खेल विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला परिषद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

टोंक में दौड का शुभारंभ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व अन्य की मौजूदगी में हुआ।

- जिला स्तरीय रन फॉर विकसित राजस्थान का कार्यक्रम आयोजित

15 दिव्यांगों का सम्मान

सांभरझील। पार्षद बिंदु कुमारी का कहना है कि दिव्यांग होना कोई अभिशाप नहीं है। परमात्मा का सानिध्य जब मिलता है तो यही प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर देती है। हमें ऐसे दिव्यांगों का दिल से सम्मान कर उनको आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए क्योंकि उनकी आत्मा की आवाज हमें भी उन्नित की राह दिखाती है। प्रदेश सर्वोदय विकलांग सेवा समिति द्वारा नया बस स्टैंड क्षेत्र में 15 दिव्यांग जनों का सम्मान करते हुए उन्होंने यह बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौशाला अध्यक्ष मुन्ना लाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि सीपी व्यास व सोमेश अजमेरा अध्यक्षता अभय तिवारी प्रदेश सर्वोदय विकलांग सेवा समिति एवं प्रवक्ता ने की। आयोजित कार्यक्रम में हेमंत महावर,दाउद चौधरी, शकील कुरैशी, शाहिद अनेक की मौजूदगी रही।

बैठक में पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने पर चर्चा

पावटा। प्रागपुरा थाना परिसर में रविवार को सीएलजी सदस्य , ग्राम रक्षक , सुरक्षा सुखी और पुलिस मित्रों की मीटिंग का आयोजन प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रागपुरा थाना क्षेत्र के सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक , पुलिस मित्र और सुरक्षा सखी की महिला सदस्य उपस्थित रहीं।

बैठक में थाना प्रभारी भजनाराम द्वारा पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने पर चर्चा की गई। बैठक में थाना स्तर पर कानून व्यवस्था के संबंध में सदस्यों के फीडबैक लिए गये। थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई तरह के सुझाव दिए गए। सीएलजी सदस्यों की बैठक में साइबर क्राइम, रोड एक्सीडेंट, अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द, शांति और सद्भाव बनाए रखने ओर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान थाना प्रभारी भजनाराम ने सीएलजी मेंबर्स व मीटिंग में आए लोगों को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी। वही थाना प्रभारी भजनाराम ने सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि लापरवाही और यातायात नियमों का उल्लंघन दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। यदि वाहन चालक हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति और यातायात संकेतों का पूरी तरह पालन करें तो अधिकांश हादसों को रोका जा सकता है। उन्होंने सभी को नियमों की पालना को जन-जागरूकता का रूप देते हुए घर-घर संदेश पहुंचाने की अपील भी की।उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कार्रवाई नहीं करती, बल्कि समाज को सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता का कार्य भी करती है। सड़क सुरक्षा में नागरिकों की भागीदारी बेहद जरूरी है। इस दौरान सीएलजी सदस्य , ठ्राम रक्षक , सुरक्षा सुखी और पुलिस मित्र मौजूद रहे।

- बैठक में सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सुखी और पुलिस मित्रों की मौजूदगी रही

तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग

शाहपुरा । राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप कलवानिया ने राज्य सरकार से प्रदेश में आगामी तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में पदों की संख्या में भारी बढ़ोतरी करने की मांग की है।

कलवानिया ने कहा कि वर्तमान में राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े हैं, जिसके कारण ठ्रामीण और शहरी क्षेत्रों की शिक्षण व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि पिछले 15 सालों में हुई भर्तियों की तुलना में इस बार सबसे कम, महज 7759 पदों पर भर्ती निकाली जा रही है। प्रदेश प्रवक्ता ने भाजपा सरकार पर निशांना साधते हुए कहा कि जहां 15 लाख युवा बेरोजगार इस भर्ती का लंबे समय से इंतज़ार कर रहे हैं ।

खैरथल तिजारा जिला कोर्ट सभी एक शहर और एक छत के निचे खोली जाएं : राकेश तिवाड़ी

किशनगढ़ बास। अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश तिवाड़ी का रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से विधायक दीपचंद खेरिया के मुख्य अतिथि में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संस्कार अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अभिभाषक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश तिवाड़ी सहित विधायक दीपचंद खेरिया, प्रधान बद्री प्रसाद सुमन, पूर्व प्रधान व कांग्रेस वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश रोघा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजीत यादव, विजेंद्र महलावत, वीर नारायण यादव का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया।

सामारोह में संबोधन के दौरान अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राकेश तिवाड़ी ने शहर कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आमजन व वकीलों के हितों को ध्यान रखते हुए संघ की मांग रहेंगी की सभी जिला कोर्ट एक शहर में और एक छत के नीचे संचालित हो । इस मौके पर विधायक दीपचंद खेरिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश तिवाड़ी व उनकी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह भी वकील हैं और किशनगढ़ बास संघ के सदस्य रहे हैं। उन्होने वकीलों को संविधान की रीड की हड्डी बताया और कहा मैंने जीवन में हमेशा सच का साथ दिया है और कभी झूठ नहीं बोला और ना ही कभी वकील साथियों में छोटे बड़े का अन्तर समझा है। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष संदीप पाटिल, पार्षद नितिन यादव, प्रवक्ता जतिन लालवानी, पार्षद नत्थुराम सैनी, धीर सिंह मेघवाल, कमल सिंह,बलवंत महारानियां, मदन लाल गुप्ता, सुल्तान सिंह यादव, शाहिद खान,हर्षित जांगिड़, रतिराम चौधरी शपाथ खान, अशोक अठावाल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे

- शहर कांग्रेस कमेटी ने नवनिर्वाचित अभिभाषक संघ अध्यक्ष का स्वागत किया ।

किशनगढ़ शहर कांग्रेस कमेटी ने नव निर्वाचित अभिभाषक संघ अध्यक्ष राकेश तिवाड़ी का स्वागत किया । इस मौके पर विधायक दीपचंद खेरिया सहित कांग्रेस नेता मौजूद रहे ।

लोक अदालत में मामले निबटाए

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सेषन न्यायाधीष, भरतपुर बलजीत सिंह के मार्गदर्षन में वर्ष 2025 की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन भरतपुर मुख्यालय सहित जिला भरतपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देषन में आयोजित हुई राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन सलीम बदर, न्यायाधीष, पारिवारिक न्यायालय क्रम संख्या-01, भरतपुर के द्वारा न्यायिक अधिकारीगण कुंतल जैन, अनुतोष गुप्ता, दीपिका सिंह, श्रद्धा शुक्ला, मुकीम खान, राकेष मार्क्स तथा रचना सिनसिनवार के द्वारा किया गया। पारिवारिक, मोटर दुर्घटना दावा, चौक अनादरण, दाण्डिक शमनीय तथा अन्य प्रकृति के लम्बित प्रकरणों तथा विद्युत, बीमा, बैंक आदि विषय के प्रीलिटिगेषन प्रकरणों के निस्तारण हेतु भरतपुर मुख्यालय व तालुकाओं की न्यायिक एवं राजस्व न्यायालयों में 13 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया।

सार-समाचार

चौमूं में विकास रथ का स्वागत

चौमूं / कालाडेरा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में आयोजित किए जा रहे ''सुशासन पखवाड़ा'' के तहत आज चौमूं विधानसभा क्षेत्र में भाजपा देहात मण्डल कालाडेरा की ठ्राम पंचायत विमलपुरा, जयसिंहपुरा और टांकरडा में विकास रथ पहुँचने पर ठ्रामीणों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जन समूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्ष प्रदेश की उन्नित, पारदर्शिता और अंत्योदय के संकल्प को समर्पित रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए बताया कि सरकार की योजनाओं का मूल मंत्र अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना है। विकास रथ पर लगी आधुनिक स्क्रीन के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी योजनाओं और ऐतिहासिक निर्णयों को प्रदर्शित किया गया। ठ्रामीणों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर इन योजनाओं की जानकारी ली। माँ भारती के गगनभेदी जयघोष के बीच ठ्रामीणों में सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर भारी उत्साह देखा गया। विकास रथ यात्रा विधानसभा क्षेत्र चौमूं की प्रत्येक पंचायत स्तर पर पहुंचेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम जिला संयोजक मुकेश चोपड़ा, गोविन्दगढ़ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और ठ्रामीण उपस्थित रहे।

6 वार्डों को यथावत रखने की मांग

रुदावल भरतपुर (निस)। नए पंचायत परिसीमन में रुदावल ग्राम पंचायत के वार्डो को यथावत रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत घर पर एकत्रित होकर प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार जयप्रकाश शर्मा को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। रविवार को कस्बे के सैंकडों लोग पंचायत घर पर एकत्रित हो गए एवं पंचायत घर पर प्रदर्शन करते हुए धरना पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन की सूचना पर नायब तहसीलदार रुदावल जयप्रकाश शर्मा पंचायत घर पर पहुंचे और ठ्रामीणों से समझाइस की गई। ठ्रामीणों की ओर से वार्डों को यथावत रखने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर नायब तहसीलदार जयप्रकाश शर्मा ने ग्रामीणों को न्यायोचित कार्रवाही का आश्वासन देते हुए उनकी मांग को उच्चाधिकारियों को भेजने की बात कही। ग्रामीणों का कहना है कि ठ्राम पंचायत रुदावल के वार्ड संख्या एक से 15 तक वार्ड ग्राम पंचायत के गठन के समय से ही रुदावल में मतदान कर रहे है। वर्तमान में नए परिसीमन में ग्राम पंचायत के वार्ड संख्या 1 से 5 व वार्ड संख्या 13 को ग्राम पंचायत खेडाठाकुर में जोडा जा रहा हैं जो इन वार्डों के बाशिंदों के साथ अन्याय है। नए परिसीमन में इन वार्डों को खेडाठाकुर में जोडने का आधार इन वार्डों का खेडाठाकुर की राजस्व भूमि में बसा होना बताया जा रहा है। ज्ञापन में बताया है कि रुदावल ठ्राम पंचायत का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्मशान स्थल, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, जलदाय विभाग की परियोजना के साथ साथ राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजस्व ठ्राम खेडाठाकुर की जमीन पर बने हुए है और इनका उपयोग वर्तमान वार्डों की जनता द्वारा आपसी सामंजस्य से किया जाता है। वार्डों के साथ छेडछाड किए जाने की स्थिति में इनके उपयोग पर विवाद की स्थिति पैदा होगी। रुदावल ठ्राम पंचायत के छह वार्डों का नवीन परिसीमन में विखण्डन कर दूसरी पंचायत में नहीं जोडा जावे तथा परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने से पूर्व एक कमेटी गठित कर इन वार्डो की राय ली जाए तथा मौके पर भौगोलिक स्थिति को देखा जाए। जिससे परिसीमन प्रक्रिया न्यायोचित एवं जनहित में हो सके। इसके साथ ही ठ्राम पंचायत रुदावल जो राजस्व ठ्राम खेडाठाकुर एवं राजस्व ठ्राम रुदावल में बसे हुए है इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए रुदावल ठ्राम पंचायत की आबादी जो राजस्व ठ्राम खेडाठाकुर के राजस्व भूमि में बसी हुई है उसका राजस्व रिकॉर्ड बदलवाकर खेडाठाकुर से रुदावल कराया जाए जिससे परिसीमन के दौरान होने वाली इस समस्या से निजात मिल सके। ज्ञापन देने वालों में पंचायत समिति सदस्य तरूण बंसल, पूर्व सरपंच सुभाष कटारा, भाजपा नेता तरुण शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि कुमरपाल कोली, रिटायर्ड प्रधानाचार्य मदनलाल जाटव, समाज सेवी मुकेश टाइगर, जीतू सहारिया, अनिल सिकरवार, रामवीर सक्सैना, घनश्याम जांगिड, नन्दराम व्यास, रूपसिंह शर्मा, मोहन सिंह बघेल, राजेन्द्र बघेल, शिवदयाल गर्ग, सतीश सक्सैना, शिवजी जांगिड, कालीचरण कोली सहित सैंकडों की संख्या में ठ्रामीण मौजूद रहे।

नई कार्यकारिणी ने शपथ ली

टोंक। मुख्यालय स्थित जैन नसिया मंदिर में आचार्य वर्धमान सागर के सानिध्य में दिगंबर जैन महासभा की नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा कार्यकारिणी के सदस्यों का माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।स्वागत के समय सभी सदस्यों में उत्साह का माहौल रहा। नवनिर्वाचित सदस्यों ने आचार्य वर्धमान सागर से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हेमंत चवरिया ने बताया कि 22 से 30 दिसंबर तक मंदिर प्रांगण में आचार्य वर्धमान सागर के सानिध्य में एक विधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इस दौरान श्रद्धालु भगवान महावीर की पूजा-अर्चना करेंगे। इस कार्यक्रम में पूरे राजस्थान सहित देश भर से श्रद्धालु भाग लेंगे, जिसके आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

कोटपूतली में जयसिंह गौशाला के चुनाव में जमकर हंगामा

कोटपूतली । कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित श्री जयसिंह गौषाला के द्विवार्षिक चुनाव रविवार को भारी हंगामे के बीच सम्पन्न हुये। अल सुबह 10 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू होने के कुछ ही देर बाद पूर्व पार्षद व सामाजिक कार्यकर्ता तारा पूतली की अगुवाई में भारी संख्या में युवा कार्यकर्ता गौशाला कट पर पहुंच गये एवं भारी नारेबाजी करते हुये चुनाव प्रक्रिया का विरोध भी करने लगे। दरअसल में 04 माह पूर्व भी गौशाला की चुनाव प्रक्रिया हेतु अध्यक्ष पद पर आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उस दौरान तारा पूतली ने अपनी दावेदारी की थी, साथ ही बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ श्री जयसिंह गौषाला पहुंच गये थे। किन्तु गौषाला समिति द्वारा चुनाव प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था। इस दौरान तारा पूतली व उनके समर्थकों के बढ़ते गतिरोध को देखते हुये चुनाव समिति व गौषाला प्रबंधन ने गौषाला में बीमार गौवंष हेतु एक गौ एम्बुलेंस व उपचार शाला बनवाने का आष्वासन चुनाव प्रक्रिया से पूर्व ही पूर्ण किये जाने का दिया था। तारा पूतली का आरोप था कि समिति द्वारा मनमाने ढ़ंग से चुनाव प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया, जो गौ सेवा में विष्वास रखने वाले लोगों के लिये बेहद पीड़ादायक था। परन्तु समिति ने अपने आष्वासन को पुरा किये बगैर ही चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी। इसी को लेकर तारा पूतली व उनके समर्थक चुनाव प्रक्रिया के विरोध को लेकर रविवार को मतदान के दौरान मौके पर पहुंचे। देखते ही देखते तारा पूतली ने एक प्लास्टिक की पीपी से अपने उपर डीजल डालते हुये आत्मदाह की कोषिष की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुये कोई अनहोनी होने से पूर्व ही उन्हें रोक लिया एवं पकड़कर एक दुकान में ले गये। इस दौरान मौके पर भारी हंगामा भी हो गया। सैकड़ों की संख्या में युवा कार्यकर्ता नारेबाजी भी करने लगे। हालात बिगड़ते देख मौके पर डीएसपी राजेन्द्र बुरड़क, एसएचओ राजेष शर्मा, साईबर थाना एसएचओ मोहर सिंह समेत भारी मात्रा में पुलिस जाप्ता व मौका मजिस्ट्रेट के रूप में तहसीलदार रामधन गुर्जर भी घटना स्थल पर पहुंच गये। साथ ही पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने भी प्रदर्षनकारी युवकों के साथ समझाईष भी की। इस दौरान पुलिस ने नारेबाजी कर रहे उत्पाती युवकों पर लाठियां भांजते हुये उन्हें मौके से खदेड़ कर हालात को अपने नियंत्रण में ले लिया। तारा पूतली समेत एक दर्जन से अधिक युवाओं को हिरासत में भी ले लिया। घटना के दौरान तारा पूतली के मुंह में डीजल चले जाने के कारण उनकी हालत बिगड़ गई। जिन्हें बाद में राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल से जयपुर रैफर कर दिया गया। फिलहाल तारा पूतली की हालत स्थिर बताई जा रही हैं। वहीं दुसरी ओर चुनाव प्रक्रिया को लेकर गौषाला के पास भारी गहमागहमी भी देखी गई। हंगामे से इतर गौषाला परिसर में मतदान प्रक्रिया बदस्तुर जारी रही। चुनाव अधिकारी सुरेष मोठुका व सहायक चुनाव अधिकारी एड. बजरंग लाल शर्मा ने बताया कि मतदाता सूची के पंजीकृत 346 में से 316 मतदाताओं ने पहचान पत्र दिखाकर अपने अधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर राजेष सवाईका ने 187 मत प्राप्त कर संदीप शर्मा को 74 मतों से पराजित किया। शर्मा को कुल 113 व अन्य प्रत्याषी ओमप्रकाष मीणा को 13 मत प्राप्त हुये। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर जुगल किषोर शर्मा ने 196 मत प्राप्त कर रूपसिंह शेखावत को 80 मतों से पराजित किया। शेखावत को 116, नोटा को 01 व 03 मत रद्द किये गये। जबकि महासचिव पद पर प्रहलाद चंद बंसल ने 167 मत प्राप्त कर प्रफुल्ल रमन को 21 मतों से पराजित किया। रमन को 146 व नोटा को 01 मत प्राप्त हुआ एवं कुल 02 मत रद्द किये गये। निर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारियों द्वारा शपथ दिलवाई गई। निर्वाचन का समाचार सुनते ही प्रत्याषियों, उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर भी दौड़ गई। चुनाव समिति ने सभी प्रत्याषियों, प्रक्रिया सम्पन्न करने वाले कार्यकर्ताओं आदि का आभार जताया। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेष सवाईका ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये गौषाला के विकास एवं व्यवस्थाओं को मजबुत करने की बात कही। सवाईका विगत 05 वर्षो से श्री श्याम परिवार के नाम से धार्मिक संगठन चला रहे हैं। देष की आजादी से पूर्व रियासत काल में खेतड़ी दरबार द्वारा वर्ष 1893 में स्थापित की गई ऐतिहासिक श्री जयसिंह गौषाला के 132 वर्षो में यह पहली बार था कि जब कार्यकारिणी को चुनाव प्रक्रिया द्वारा चुना गया।

- भारी नारेबाजी करते हुये चुनाव प्रक्रिया का विरोध भी करने लगे।

वैदिक तरीके से जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी'

सांभरझील । संस्कारित गुण विकसित करने व जीवन पर्यंत ऊर्जावान बने रहने के वैदिक तरीके सिखाने के लिए सांभर में विशेष आवासीय शिविर की तैयारी व अधिक से अधिक बच्चों को पार्टिसिपेट सुनिश्चित किए जाने के लिए आर्यवीर चरित्र निर्माण दल के सदस्यों ने घर-घर जाकर इसका प्रचार प्रसार किया एवं भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए अभिभावकों को भी इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आ ान किया। दल मै प्रमुख रूप से शामिल डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा, देवेंद्र कुमार भार्गव, प्रमोद कुमार जोशी व राजू रोहिला बताते हैं कि सांभर के दशहरा ठ्राउंड पर अध्यक्ष सर्वदेशिक आर्य विद्यालय न्यास आगामी 25 दिसंबर को होने वाले प्रोठ्राम में कार्यक्रम में स्वामी देवव्रत सरस्वती अध्यक्ष, सर्वदेशिक आर्य वीर दल न्यास, स्वामी ओमानंद सरस्वती अध्यक्ष आर्य गुरुकुल आबू पर्वत का आशीर्वचन भी प्राप्त होगा। बताया गया कि राजीव गुलाटी व ज्योति गुलाटी अध्यक्ष एमडीएच ठ्रुप के सानिध्य में होगा। मुख्य अतिथि की हैसियत से जितेंद्र भाटिया स्नेह भाटिया प्रतिनिधि एमडीएच द्वारा संचालित महाशय धरमपाल चेरिटेबल ट्रस्ट शिरकत करेंगे। सम्मानित अतिथि सज्जन सिंह कोठारी पूर्व लोकायुक्त बनाए गए

कोटपूतली में शहीद परिवार को सहायता राशि दी

कोटपूतली में शहीद सुबेदार रामसिंह कसाना के परिजनों को सहायता राशि सौंपी ।

कोटपूतली । ऑल इण्डिया देव दरबार सैनिक ग्रुप के सदस्य जवानों द्वारा रविवार को ग्राम सुन्दरपुरा पहुंचकर शहीद सुबेदार रामसिंह कसाना के परिजनों को सहायता राशि सौंपी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना की बटालियन 16 राजपूत में तैनात सुबेदार रामसिंह कसाना का विगत दिनों जम्मु कष्मीर में ड्यूटी पर निधन हो गया था। रविवार को देव दरबार सैनिक ग्रुप के हव.राजेश कुमार रावत, हव. महेन्द्र सिंह कसाना, कैप्टन लालचंद फामड़ा, सुबे. ओमप्रकाश मुक्कड़, हव. अभय राज, सुबे. बनवारी लाल, सुबे. रोहिताश, सुबे. सुबेसिंह, हव. सैमाल, ना. सु. महेष, हव. कमलेश छावड़ी, हव. हरदान सिंह, हव. ख्यालीराम, हव. रामस्वरूप, हव. गिरिराज खटाना, सुबे. हमीर सिंह, हव. धर्मवीर राहेड़ा, हव. महेन्द्र सिंह चंदेला, फौजी बलवान रावत व गजराज रावत ने शहीद की माता फूली देवी, पत्नी माया देवी, पुत्र अंकित व रवि एवं भाई सोहन लाल समेत अन्य परिजनों को 01 लाख 51 हजार रूपयों की सहायता राशि का चैक सौंपा। ग्रामीणों ने संगठन के सदस्यों का स्वागत करते हुये आभार व्यक्त किया। इस दौरान शहीद के ताउ रामजीलाल, जगदीष, कैलाष मैनेजर, कांठोस नेता देव कसाना, किसान कांठोस नेता बीएल कसाना, पंसस प्रतिनिधि विक्रम सिंह कसाना, सरपंच प्रतिनिधि यादराम कसाना, धूड़ाराम, जगदीष, बाबूलाल, यादराम मुनीम, भागुराम, कालूराम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

- भारतीय सेना की बटालियन 16 राजपूत में तैनात सुबेदार रामसिंह कसाना का गत दिनों जम्मु कश्मीर में ड्यूटी पर निधन हो गया था। रविवार को देव दरबार सैनिक ग्रुप के हव.राजेश कुमार रावत, हव. महेन्द्र सिंह कसाना समेत अन्य परिजनों को 01 लाख 51 हजार रूपयों की सहायता राशि का चैक सौंपा।